St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar (2nd term) **Class**: 3 **Date**:27.07.2020

Topic- अनुच्छेद लेखन **Answer worksheet -6**

'हमारा परिवार' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो:-

संकेत बिंदु

- परिवार की आवश्यकता
- परिवार के सदस्य
- सदस्यों के कार्य
- मिल-जुलकर रहना
- सब सुख - दुःख के साथी

'हमारा परिवार'

हम सब जानते हैं कि व्यक्ति के रहने के लिए घर सबसे सुरक्षित स्थान है |उसी प्रकार हम लोगों की देखभाल चिंता तथा जरूरतों को पूरा करने के लिए परिवार की आवश्यकता होती है |जिस प्रकार व्यक्ति की पहली शिक्षक उसकी माता होती है , उसी प्रकार उसकी पहली पाठशाला उसका परिवार है |

मेरे परिवार में मेरे दादाजी - दादीजी , माता-पिता व मेरी बहन है |मेरे दादाजी सरकारी नौकरी से सेवा - निवृत हो चुके हैं |उन्हें पेंशन मिलती है | दादाजी को बागबानी का शौक है | वे छत पर छोटे - छोटे पौधे लगाकर उनकी देखभाल करते हैं |मेरी दादी पूजा - पाठ में अपना मन लगाती है |मेरे पिताजी बैंक में काम करते हैं और माताजी घर पर रहकर सबकी देखभाल करती हैं |वह घर की सारी योजना बनाकर सबकी जरूरतों का ध्यान रखती हैं |

हर परिवार की तरह हमारे परिवार में भी मुश्किलें आती हैं |हम सब मिलकर मुश्किलों का साहस से सामना करते हैं , आपस में मिल-जुलकर रहना ही अच्छे परिवार का आधार है | हम सब सुख - दुःख के साथी हैं और एक - दूसरे के साथ सुख - दुःख बाँटते हैं | हमारा परिवार एक आदर्श और खुशहाल परिवार है |

Poonam Mehra